विनोद कुमार सिंह
भा0पु0से0

अपर पुलिस महानिदेशक, पीएसी
पीएसी मुख्यालय, महानगर, लखनऊ–226006
फोन : 91–522–2337452, सीयूजी : 91–9454400136
फैक्स : 91–522–2337453
ई–मेल : pac@uppac.net
वेब साइटः uppolice.gov.in

दिनांक : लखनऊ, दिसम्बर 31, 2020

नव वर्ष शुभकामना संदेश–2021

प्रिय साथियों,

नव वर्ष के शुभ अवसर पर आपको सपरिवार हार्दिक शुभकामनाएं।

आगामी वर्ष आपके जीवन में समृद्धि, उल्लास एवं बहुआयामी प्रगति के नये आयाम प्रशस्त करे। इस मंगल कामना के साथ आशा करता हूँ कि आप सभी पीएसी बल की अत्यन्त गौरवशाली परम्परा को अक्षुण्ण रखते हुए कर्त्तव्यपरायणता, निष्ठा, अनुशासन, दक्षता एवं पूर्ण समर्पण भाव से पीएसी बल की ऐतिहासिक अनवरत गौरवशाली यात्रा को नित नयी ऊँचाईयाँ प्रदत्त करते रहेंगे।

इस परिप्रेक्ष्य में कालजयी व्यक्तित्व के धनी पूर्व प्रधानमंत्री **स्व0 अटल बिहारी बाजपेयी जी** की कविता की कविता **"वैभव के अमिट चरण–चिन्ह"** की निम्न पंक्तियाँ कितनी प्रेरणादायक व प्रासंगिक प्रतीत होती हैः–

हम अपना मस्तक
आत्मगौरव के साथ
तनिक ऊँचा उठाकर देखें,
विश्व के गगन–मण्डल पर
हमारी कलित कीर्ति के
असंख्य दीपक जल रहे हैं।

युगों के वज्र–कठोर हृदय पर
हमारी विजय के स्तम्भ अंकित हैं।
अनन्त भूतकाल
हमारी दिव्य विभा से चकित है।

इस गौरव गाथा के अंकन में अलग–अलग कालखण्डों में पीएसी बल की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए अपने कर्त्तव्यों का पूर्ण तन्मयता एवं मनोयोग से निर्वहन करते हुए बल द्वारा सफलता की नई–नई इबारतें लिखीं गयी। जैसा कि विदित है कि वर्ष 2020 चुनौतियों से परिपूर्ण रहा। वैश्विक स्तर पर कोरोना महामारी की दस्तक हुई। भारत भी इससे अछूता नही रहा। बेरोजगारी के चलते अन्य प्रान्तों से लाखों लोग घरों को लौटने को बाध्य हुए। ऐसे लौटते हुए असहाय, निर्धन मजदूरों को **आपरेशन सहयोग** के तहत पीएसी बल द्वारा भोजन, पानी इत्यादि उपलब्ध कराकर मानवीयता व संवेदनशीलता की नई परिभाषा स्थापित की गयी। गंगा यात्रा, डिफेन्स एक्सपो लखनऊ, मन्दिर

P.T.O.

शिलान्यास कार्यक्रम अयोध्या, दीपोत्सव अयोध्या, देव दीपावली वाराणसी, दिल्ली, बिहार विधान सभा चुनाव एवं उ0प्र0 विधान सभा के उपचुनाव का निष्पक्ष, निर्विघ्न सम्पादन, वीआईपी/वीवीआईपी सुरक्षा जैसी महत्वपूर्ण ड्यूटियों का जिस संवेदनशीलता, व्यवसायिक दक्षता एवं तत्परता से पीएसी बल द्वारा सम्पादन किया गया उसकी माननीया राज्यपाल महोदया, माननीय मुख्यमंत्री एवं पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश पुलिस के स्तर से मुक्त कंठ से प्रशंसा की गयी एवं पीएसी बल के विशिष्ट योगदान को स्वीकार करते हुए बल के अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र/मेडल प्रदत्त कर सम्मानित किया गया।

वर्ष 2020 में सामूहिक प्रयत्नों के परिणामस्वरूप पीएसी बल के अभिप्रेरणा, मनोबल को प्रेरित करने के क्रम में अनेक कल्याणकारी कार्य सम्पादित किये गये। सभी कार्य सशक्त टीम भावना से प्रेरित सतत् प्रयासों का सुखद प्रतिफल है। भगवद्गीता में वर्णित फल की चिन्ता किये बिना निष्काम कर्म की कितनी प्रेरणादायक अभिव्यक्ति निम्न पंक्तियों में हुई है:—

अंजाम उसके हाथ है, आगाज करके देख,
तू भीगे हुए परों से भी परवाज करके देख।

इस अवसर पर पीएसी बल का कर्त्तव्यपरायणता, अनुशासन, संवेदनशीलता, कर्मठता एवं कार्य निष्पादन के यथासम्भव उच्चतम स्तर को बनाये रखते हुए **संवाद, समन्वय,** एवं **सहयोग** के **त्रिआयामी कर्मसूत्र** का पालन करते हुए जन अपेक्षाओं एवं आकांक्षाओं पर खरा उतरने का आह्वान करता हूँ। इसी क्रम में **वर्ष 2021 को प्रशिक्षण एवं व्यवसायिक दक्षता** को समर्पित करते हुए नव वर्ष के शुभ अवसर पर सपरिवार आपकी समृद्धि एवं उल्लास की मंगल कामना करते हुए पुनश्च हार्दिक बधाई।

एक हाथ में सृजन,
दूसरे में हम प्रलय लिए चलते हैं,
सभी कीर्ति ज्वाला में जलते,
हम अँधियारे में जलते हैं।
आँखों में वैभव के सपने,
पग में तूफानों की गति हो,
राष्ट्रभक्ति का ज्वार न रूकता,
आए जिस—जिस की हिम्मत हो।।

जय हिन्द!

(विनोद कुमार सिंह)